nandgaon times june-21-02.qxd 6/21/2025 12:05 AM Page 1

घड़ियाली आंसू बहा रहे भाजपा... पृष्ठ 2 | टीम कैट ने श्री पराग चकोर बोरकर... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 21 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 241, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## मार्च 2026 तक नक्सलवाद जड़ से होगा खत्म : मुख्यमंत्री

### शांति और विकास राह पर बढ़ रहा है बस्तर, शासन की योजनाओं से बदली गांवों की तस्वीर



**रायपुर।** इच्छाशक्ति, संवेदना और समावेशी नीति से हमने बस्तर में बदलाव की नई शुरुआत की है। बस्तर के युवाओं का आत्मबल ही हमारी प्रेरणा है और हम सब मिलकर नया बस्तर गढ़ेंगे। आप सभी ने पहली बार राजधानी रायपुर को देखा है, आप सभी का यहां स्वागत है और आपकी यह यात्रा सुखद और चिरस्मरणीय हो। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज अपने निवास में प्रदेश के सुदूर और नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के नियद नेल्ला नार ग्राम पंचायतों के 96 युवक-युवतियों के दल से आत्मीय संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 'नियद नेल्ला नार' जैसी योजनाओं के माध्यम से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास की नई राह खोल रही है। उन्होंने कहा कि आप छत्तीसगढ़ के भविष्य हैं और आप सभी की भागीदारी से ही हम बस्तर क्षेत्र और प्रदेश को आगे लेकर जायेंगे। श्री साय ने कहा कि 'नियद नेल्ला नारज् योजना से जुड़कर जहां गांवों की तस्वीर बदल रही है, वहीं युवाओं को भी आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि हमारी सरकार आपके क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने में जुटी हुई है और केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह ने ठान लिया है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि माओवादी आपके क्षेत्र में विकास नहीं चाहते, लेकिन विकास के रास्ते आने वाली सभी बाधाओं को हम दूर करेंगे। बस्तर का मनोबल हमें नक्सलवाद जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने की ऊर्जा दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर आपके क्षेत्र में घने जंगल, मनमोहक झरने और ऊँचे पहाड़ हैं। वहां भूमि उपजाऊ है और अच्छी खेती होती है। हमारी सरकार खेती को समृद्ध बनाने के लिए पानी की सुविधा आप तक पहुंचाने का काम कर रही है। श्री साय ने कहा कि आप सभी खेती को बढ़ावा दें और जो विद्यार्थी हैं, वे मन लगाकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। प्रदेश के विकास में आपका सहयोग हमारे लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने च्बस्तर ओलंपिकज् और च्बस्तर पंडुमज् जैसे आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा यह बस्तर की आत्मा की अभिव्यक्ति हैं। इन आयोजनों में हजारों युवाओं, महिलाओं और बच्चों की भागीदारी ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि बस्तर अब नए युग की ओर अग्रसर है। बस्तर की कला, संस्कृति और धरोहर को संजोने का कार्य हम सब मिलकर आगे भी करते रहेंगे। आज बस्तर वासियों ने यह दिखा दिया है कि वे हिंसा नहीं, शांति और विकास चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर की धरती वीरता, धैर्य



और स्वाभिमान की प्रतीक रही है और अब हम सब मिलकर इसे विकास और समृद्धि के रास्ते पर आगे लेकर जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं, कौशल प्रशिक्षण, खेल और शिक्षा के माध्यम से सरकार हर युवा को एक नया अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री साय ने युवाओं से आह्वान किया कि वे मुख्यधारा से जुड़कर समाज में बदलाव के वाहक बनें और मजबूत, सुरक्षित व समृद्ध बस्तर के निर्माण में सहभागी बनें। बीजापुर जिले के सुदूर गांवों से राजधानी पहुंचे युवाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से खुलकर संवाद किया। युवाओं ने न सिर्फ अपने अनुभव साझा किए, बल्कि अपने सपनों और संकल्पों की भी बात की। उन्होंने कहा कि हम शिक्षा, खेल, हुनर और सेवा के रास्ते पर चलकर अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं। बस्तर को बदलना है, और हम इस बदलाव के सहभागी बनना चाहते हैं। युवाओं ने बताया कि 'नियद नेल्ला नार' योजना ने उन्हें नई पहचान और दिशा दी है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम के साथ ही वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## आईसीयू में भर्ती मरीज कोविड पाजिटिव निकला

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहरी क्षेत्र के



कन्हारपुरी वार्ड नं. 55 वर्षीय व्यक्ति जो शासकीय मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के आईसीयू में भर्ती होकर इलाज करवा रहा था, कोविड पॉजिटिव निकला। हॉस्पिटल प्रबंधन ने मरीज को कोविड वार्ड में शिफ्ट किया। मरीज की हालत चिंता जनक है, हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ.अतुल देशकर ने इसकी पुष्टि की है जबकि वह व्यक्ति वास्तविक में कन्हारपुरी का न होकर लखौली में निवास कर रहा था और अस्पताल में भर्ती होने के पूर्व वह लगभग 500 लोगों के संपर्क में आ चुका है। क्या शासन कोरोना प्रोटोकाल के तहत सभी व्यक्तियों का कोरानो जांच करेंगा?

एवं क्या जिलाधीश इस मामले को लेकर शासकीय मेंडिकल सह अस्पताल से बात करके अपने संज्ञान में लेंगे या इस मामले को यही समाप्त करके कोरोना फैलाएंगे?


## मोहड़ अवैध रेत उत्खनन् , गोली कांड मामले में 03 फरार आरोपियों की गिरफ्तारी





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया दिनांक 11/06/2025 को रात्रि 07:00 से 07:30 बजे के बीच ग्राम मोहड नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुंचा था। जिसे रोकने के लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे जहां कार में सवार 7-8 लोग उत्तर कर ग्रामीणो से मारपीट करते हुए फायरिंग किये है कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर मे अपराध क्रमांक 257/2025 धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351 (2) बीएनएस 25, 27 आर्मस एक्ट एवं मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना में लिया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में तथा सी.एस.पी. पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, प्रभारी थाना डोंगरगांव अवनिश श्रीवास, थाना प्रभारी घुमका बसंत बघेल एवं ओ.पी. चिखली प्रभारी उमेश बघेल की संयुक्त 05 टीम गठित कर आरोपी पतासाजी एवं उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग जगह इनके विभिन्न ठिकाने नागपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर आदि जगहों में दबिश दे रही थी। विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी जेसीबी चालक भगवति निषाद पिता परदेशी निषाद उम्र 49 साकिन ग्राम झोला थाना अंडा जिला दुर्ग, संजय रजक पिता शंकर लाल रजक उम्र 48 वर्ष साकिन मोहड़ जिला राजनांदगांव एवं अभिनव तिवारी पिता केशर तिवारी उम्र 42 साल निवासी ग्राम सोमनी थाना सोमनी जिला राजनांदगांव एवं अतुल सिंह तोमर पिता अमोल सिंह तोमर उम्र 24 साल निवासी गायत्री विहार कॉलोनी, पिन्टो पार्क मुरार ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म0प्र0) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। **गठित टीम द्वारा प्रकरण के घटना में संलिप्त आरोपी** - 01. जितेन्द्र नारौलिया पिता जवाहर शर्मा उम्र 30 साल निवासी सिंगपुर रोड, देसाई नगर मुरार ग्वालियर जिला ग्वालियर म0प्र0 02. अमन सिंह परिहार पिता सुनील सिंह परिहार उम्र 27 साल निवासी विजय नगर कॉलोनी, आमखो लक्सर, ग्वालियर जिला ग्वालियर म0प्र0 03. अभय सिंह तोमर पिता अमोल सिंह तोमर उम्र 20 साल निवासी ग्राम घनैता थाना इंडोरी तहसील गोहद जिला भिण्ड म0प्र0 हाल पता गायत्री विहार कॉलोनी, पिन्टो पार्क मुरार ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म0प्र0) को भोपाल से हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म कारित करना स्वीकार किया जिसे राजनांदगांव में विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी अमय सिंह तोमर के कब्जे से 01 नग देशी कट्टा एवं 01 नग जिन्दा कारतूस जप्त किया गया तथा गिरफ्तार आरोपी अभिनव तिवारी उर्फ चीनू महाराज का ट्रांजिट रिमाण्ड लेकर अपराध में प्रयुक्त वाहन एम.जी.हैटर क्रमांक सी.जी.-08-ए.आर.-7157 को जप्त कर थाना लाया गया। आरोपीगणो से प्रकरण के अन्य साध्य संकलित करने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आरोपीगणो का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। मामले से संबंधित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम गठित कर सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा है।

## पांगरी खुर्द में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न



**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव जिले के ग्राम पंचायत पांगरी खुर्द के सरपंच एवं सेवा सहकारी समिति मर्यादित पांगरी खुर्द के संयुक्त तत्वाधान में आज 20 जून को वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें समिति प्रबंधक डामन लाल साहू , प्राधिकृत अधिकारी बोधन साहू , सरपंच शांम साय गोंड , पंचायत सचिव अर्जुन सिंह , फकीर दास साहू , अमर लाल पटेल , जीवराखन साहू , विकास सार्वा , गौतरिया निषाद , मनोहर दास साहू उक्त जन के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## छुरिया नगर पंचायत परिसर में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, अध्यक्ष अजय पटेल ने किया गया पौधरोपण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत छुरिया परिसर मे आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, नगर पंचायत छुरिया अध्यक्ष अजय पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण।

## जिला पंचायत सभापति बिरम रामकुमार मंडावी ने किया पौधारोपण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत सभापति श्रीमती बिरम रामकुमार मंडावी ने एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम जयसिंह टोला में पौधारोपण किया। इस मौके पर रामकुमार मंडावी महामंत्री भाजपा मंडल गैंदाटोला, हर नारायण रामटेके समिति प्रबंधक, अंजोरी राम चंद्रवंशी सहायक समिति प्रबंधक, जीवनलाल मंडावी कंप्यूटर ऑपरेटर,मोहन मंडावी लिपिक, प्रीतम निषाद चपरासी, किसानगण मन्नू नेताम, गोकरण सिन्हा, गोविंद नेताम, भोला राम चंद्रवंशी आदि किसान उपस्थित रहे।

## पूर्व माध्यमिक शाला घुपसाल में मना प्रवेशोत्सव



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुपसाल में नया प्रवेशित बच्चों को गुलाल लगाकर एवं खीर पुड़ी खिलाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर सरपंच नरेश शुक्ला, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष केशव साहू, ग्राम पटेल द्वारिका नायक, शाला विकाश समिति के अध्यक्ष युगल तराम, शाला के प्रधान पाठक देवेश्वरी भेड़िया, संकुल समन्वयक विनोद यदु, शिक्षक मोहन पटेल, सुनीता यदु, मधुबाला यादव , उपसरपंच कामता साहू, भुनेश्वर सिंह, कृत नेताम, उर्मिला साहू, कामता साहू, और पालक गण उपस्थित थे , इस अवसर पर अतिथियों द्वारा शुभकामनाएं देकर गणवेश वितरण किया गया।

## एक ही दिन में बनाए दो वर्ल्ड रिकॉर्ड- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ कबीरधाम जिले का नाम

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम जिले ने वर्षा जल संरक्षण के लिए 12 घंटे में सबसे अधिक सोख पीट बनाने और सबसे ज्यादा लोगों द्वारा जल संरक्षण का संकल्प लेने का रिकॉर्ड बनाया जिले के 469 पंचायतों के अंतर्गत 999 गांवों में डेढ बजे तक 1 लाख 2 हजार 98 सोख पिट निर्माण और 1 लाख 17 हजार 504 नागरिकों ने शपथ लिया गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स के एशिया प्रमुख ने कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा को प्रोविजनल वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र सौंपा।

## किसान करमतरा में प्रवेश उत्सव मनाया गया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शा. उ. मा. शाला किसान करमतरा में आज 20 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्री टूमनलाल साहू, सरपंच श्रीमती रेखा बघेल, पूर्व सरपंच श्रीमती रोमेश्वरी साहू के हाथों पाठयपुस्तकों का वितरण किया गया। तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

**शुभांक**

**3-8-0**

**278-7 390-2**

**भाग्यांक**

**100-1 670-3**

# घड़ियाली आंसू बहा रहे भाजपा नेता : कुलबीर

## मुख्य सरगना भाजपा का पदाधिकारी संजय सिंह अभी तक गायब, क्यों नहीं पकड़ा जा रहा!



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी शहर के मोहड़ वार्ड नं. 49 में रेत माफिआओं द्वारा निर्दोष ग्रामीणों पर लाठीडंडा व बंदूक की नोक पर वारदात करते हुए गोलीकांड जैसी अपराधिक घटना हुए एक सप्ताह बीत जाने के बाद आज भाजपाई नेता मोहड़ व शिवनाथ नदी पहुंचकर ग्रामीणों से मिलने गए जिस पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भाजपा नेताओं व भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत पर तंज कसते हुए कहा कि रेत माफिआ का मुख्य सरगना भाजपा पदाधिकारी संजय सिंह क्यों नहीं पकड़ा जा रहा इससे लगता है भाजपा अपने दोहरे चरित्र और जनविरोधी नीति अपना रही है।

श्री छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस सदैव जनता के हित के लड़ाई लड़ी है इस घटना के बाद से आज दिनांक तक लगातार रेत माफिआओं पर कार्यवाही की मांग कर रही है 15 जून को कांग्रेस के छह सदस्यीय टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से चर्चा की वहीं 17 जून को पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ग्रामीणों से मिले, उनके दुख-दर्द में शामिल हुए इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पुलिस प्रशासन को 08 दिन में अपराधियों कार्यवाही करने का अल्टीमेंटम दिया था नही तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। 19 जून को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को कांग्रेस द्वारा अल्टीमेटम देकर 08 दिन में कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा तब जाकर भाजपा नेताओं को सुध आयी और वे मोहड़ जाकर ग्रामीणों के सामने घड़ियालू आंसू बहा रहे इतने दिन तक भाजपा नेता कहां थे, वे चुप्पी क्यों साध रखी थी। जबकि सत्ता पक्ष के नेताओं को पुलिस प्रशासन की मदद करने की चाहिए और ग्रामीणों पर हुए हमले की न्यायिक जांच कर उनके न्याय के लिए खड़ा होना चाहिए और जितने भी रेत माफिआ है उनकी गिरफ्तारी करवानी चाहिए किन्तु वे अपराधियों को बचाने में लगी रही। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि रेत माफिआओं का लिंक सीधा भाजपा नेताओं जुड़ा इसका कारण कि भाजपा ऐसे गिरोह को बचाने में लगी है। मोहड़ के ग्रामीणों द्वारा कोमल सिंह राजपूत से संजय सिंह पर सवाल पूछे तो साफ इंकार करते हुए कहा कि वे उन्हें नहीं जानते, इसी तरह एक आडियों के आधार पर सोमनी टीआई को सस्पेंड कर दिया तो उसी आधार पर संजय सिह को गिरफ्तारी क्यों नहीं की गई यह सबसे बड़ा सवाल है। दिनांक 20 जून को प्रेसवार्ता लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा जितेन्द्र नारौलिया, अमर सिंह परिहार, अभय सिंह तोमर गिरफ्तार का जेल भेज दिया किन्तु मुख्य सरगना संजय सिंह अभी भी फरार बताया जा रहा है। अगर भाजपाई वाकिफ में जनता का सच्चा हितैषी है तो रेत माफिआओं मुख्य सरगना संजय सिंह व अन्य लोगों के उपर कार्यवाही कराएं व उन्हें सजा दिलाएं और जनता के प्रति अपनी ईमानदारी का परिचय दें। वहीं जिलेभर में रेत का हो रहा है अवैध भंडारण सैकड़ों ट्रीप रेत जगह-जगह पड़ी किन्तु प्रशासन चुप बैठा है। रेत माफिआओं का मुख्य सरगना संजय सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल राजपूत को सरेंडर करवा सकती है उस संजय सिंह को पकड़ने में शासन-प्रशासन का हाथ पैर क्या फुल रहे हैं यह समझ से परे।

## साहू धर्मशाला में आयोजित कार्यक्र में शामिल हुए प्रभारी दिनेश गांधी सह प्रभारी चंद्रिका प्रसाद डड़सेना



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण, को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल स्तर में आयोजित किया जा रहा है , जिसके मुख्य वक्ता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी , सह मुख्य वक्ता चंद्रिका प्रसाद डड़सेना , प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर , जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा , भाजपा मंडल अध्यक्ष , कांता साहू , नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल , जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बीरम बाई मंडावी, जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती अनिता मंडावी , भाजपा कार्यक्रम प्रभारी मुख्य वक्ता दिनेश गांधी ने कहा , मोदी सरकार द्वारा बीते 11 वर्ष में बड़े काम हुए , राम मंदिर निर्माण , कश्मीर से 370 हटाने के साथ , सड़कों जाल पूरे देश में बिछाने , रेल्वे स्टेशन हाईटेक करने काम , जैसे अनगिनत काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर दिखाएं है , प्रधानमंत्री आवास के माध्यम से लोगों पक्का मकान स्वच्छ भारत मिशन , जन-धन खाता बहनों खोलने काम मोदी सरकार कर दिखाया है , संकल्प सिद्धि विकसित भारत सेवा सुशासन को लेकर बूथों तक जाना है मोदी सरकार द्वारा 11 वर्ष में किए विकास कार्य ,सेवा सुशासन की जानकारी देना है , श्री गांधी भाजपा से जनसंघ तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए , देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में विकास और भारत अग्रसर हो रहा है , 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र के रुप में स्थापित होगा , 11 वर्ष की अविरल यात्रा का श्री गांधी ने विस्तार से बखान किया सरकार द्वारा चलायें जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गई , जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है वाकई , जमीन धरातल चरित्रार्थ होते दिखाई दे रहा है डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन आज हाईटेक , राजनांदगांव अंडरब्रिज का काम , हाईवे एक्सप्रेस-वे सड़क जाल 11वर्ष में दिखाई दिया , कोरोना महामरी के बाद देश तीव्रता के साथ विकास की और अग्रसर है , एमडी ठाकुर , प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष , जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा कांता साहू ने संबोधित किया , बूथों तक पहुंचेंगे भाजपाई , संकल्प सिद्धि कार्यक्रम बूथ स्तर तक आयोजित किए जायेंगे , जिसमें भाजपा के मंडल पदाधिकारी वरिष्ठ नेता जिला भाजपा संगठन नेता इस कार्यक्रम शिरकत करेंगे , इसके लिए बाकायदा प्रभारी सह प्रभारी की नियुक्ति की गई , इस पूरे आयोजन के प्रभारी शेखर भारद्वाज, कुंदन बड़बोले , ने बूथ स्तर में आयोजित होने इस कार्यक्रम के लिए प्रभारी एंव सह प्रभारी की नियुक्ति कर दी है , इस कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम शर्मा , माया राम साहू , धन्ना यादव , टीकम प्रसाद पांडेय, शिशु पाल साहू , पद्मभूषण साहू , टीकम साहू नैन सिंह पटेल , स्वप्निल पटेल , कुश कुंभकार , राजेश्वर धृवै , हेतराम साहू , श्रीमती संगीता यादव , गैदाटोला महामंत्री रामकुमार मंडावी,पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष इसमें शामिल हुए।

## मोहड़ गोली कांड में जिम्मेदारी से बच रहे महापौर, विधायक और सांसद

**अभिमन्यु उदय मिश्रा का सीधा आरोप**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अवैध रेत खनन गोलीकांड मामले में आठ दिनों बाद भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य भाजपा नेताओं के मोहड़ दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने कहा है कि राजनांदगांव में सांसद, विधायक, महापौर सभी भाजपा के हैं वे अभितक मोहड़ वासियों की सुध लेने नहीं पहुंचे और अब अचानक आठ दिनों बाद भाजपा जिलाध्यक्ष का दल बल के साथ वाहा पहुंचना केवल खानापूर्ति ही दिखाई पड़ता है गौरतलब है कि गोलीकांड के बाद से ही मोहड़ वासियों में भाजपा को ले कर असंतोष है व वहां के लोग स्वयं शासन प्रशासन की संलिप्तता की बात कर रहे हैं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी मोहड़ वासियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ी है व ऑडियो वायरल होने के बाद संजय सिंह सहित अन्य संलिप्तों पर कार्यवाही की मांग कर रही है कांग्रेस विधायकों जिलाध्यक्षों की जांच टीम सहित स्वयं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने वहां पहुंच कर प्रशासन को कार्यवाही करने एक हफ्ते का अल्टीमेटम दे दिया है जो नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है इसके अलावा जितेंद्र मुदलियार, निखिल द्विवेदी आदि नेता लगातार मुद्दे को ले कर मुखर हैं इतना सब होने के बाद भाजपा नींद से जागी है तो केवल खानापूर्ति करने यह जनता समझ रही है और जागी भी है तो न्याय दिलाने की बात करने के बजाए वे केवल कांग्रेस पर आरोप प्रत्यारोप करते दिखाई दिए न तो ऑडियो क्लिप में संरक्षण का दावा करने वाले संजय सिंह की गिरफ्तारी के बारे में कुछ कहा न ही कोई ठोस आश्वासन उनकी ओर से जनता को मिला तो आखिर भाजपाइयों के वहां जाने का क्या फायदा हुआ ये वो ही जानें ।

## खेलो इंडिया में चार बालिका का चयन



**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर व जिला के कबड्डी टीम खिलाड़ी कुमकुम उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनसरा मीनाक्षी भामनी धनेश्वर कंवर प्यारेलाल ठाकुर उच्च माध्यमिक विद्यालय राजनंदगांव के चयन प्रथम 18 वर्ष खेलो इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया दिनांक 28 जून से 1 जुलाई तक हरिद्वार में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे कमला कॉलेज के ग्राउंड में ललित साहू कोच तीरथ गोस्वामी सचिव संजय मांडवी कोच संतोष देशमुख व्यायाम शिक्षक के मार्गदर्शन पर चारों बालिका खेलो इंडिया का तहत चयन बिलासपुर मे किया गया कोच एवं बालिकाओं को बधाई छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष अशोक चौधरी शहर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव सरपंच गौरी कृत लाल पटेल पूर्व सरपंच पुनू राम पटेल पूर्व सरपंच लोकेश गंगवीर शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दिया एवं उज्जवल भविष्य के कामना की।

## पूर्व माध्यमिक शाला घुपसाल में मना प्रवेशोत्सव

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुपसाल में नया प्रवेशित बच्चों को गुलाल लगाकर



एवं खीर पुड़ी खिलाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर सरपंच नरेश शुक्ला, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष केशव साहू, ग्राम पटेल द्वारिका नायक, शाला विकाश समिति के अध्यक्ष युगल तराम, शाला के प्रधान पाठक देवेश्वरी भेड़िया, संकुल समन्वयक विनोद यदु, शिक्षक मोहन पटेल, सुनीता यदु, मधुबाला यादव , उपसरपंच कामता साहू, भुनेश्वर सिंह, कृत नेताम, उर्मिला साहू, कामता साहू, और पालक गण उपस्थित थे , इस अवसर पर अतिथियों द्वारा शुभकामनाएं देकर गणवेश वितरण किया गया।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव ( छ.ग. )

// निविदा सूचना//

क्र.467/निविदा/लोक-11/2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 18.06.2025

नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि रूपये (लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 21 रेवाडीह मे बोर मे सबमर्सिबल पंप डालने एवं सिंटेक्श टंकी लगाने | 1.49 | 09/07/2025 |
| 2. | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 21 रेवाडीह मे सामुदायिक भवन मरम्मत एवं रंग-रोगन कार्य | 1.99 | 09/07/2025 |
| 3. | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 24 गांधी चौक कुआ के पास बाऊडीवाल एवं कुंआ ढकने के लिये जाली लगाने कार्य | 1.49 | 09/07/2025 |
| 4. | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 41 स्थित मे सामुदायिक भवन मे मरम्मत एवं रंग-रोगन कार्य | 3.00 | 09/07/2025 |
| 5. | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं. 30 मे शौचालय मरम्मत कार्य | 0.59 | 09/07/2025 |
| 6. | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं. 41 इंदिरा नगर एसएलआरएम सेंटर मे मरम्मत कार्य | 1.40 | 09/07/2025 |
| 7. | महापौर निधि अंतर्गत वार्ड नं. 22 गौरव पथ के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 4.01 | 09/07/2025 |
| 8. | महापौर निधि अंतर्गत वार्ड नं. 33 बैगापारा स्थित कबीर कुटी के पास शेड लगाने कार्य | 3.00 | 09/07/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाइट www.mcrjn.com & http:www.uad.cg.gov.in से प्राप्त कि जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाशित किया जायेगा।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव


## कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया शुभारंभ



**छुरिया( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने च्एक पेड़ मां के नामच्च् अभियान के तहत नगर पंचायत छुरिया परिसर में वृक्षारोपण किया। नगर अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और मातृत्व के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का सुंदर तरीका भी है। पर्यावरण एवं धरती को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाना आवश्यक है। सभी नागरिकों को प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए तथा हर एक व्यक्ति को वर्ष में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पर्यावरण को बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, अगर पर्यावरण सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा तो हम सभी का जीवन भी सुरक्षित रहेगा, पौधे जरूर लगायें। नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने कलेक्टर राजनांदगांव के समक्ष शहर के विकास कार्यों को लेकर अपनी बातें कहीं। इस दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा निकाय में चल रहे निर्माण कार्य एवं अमृत मिशन 2.0 योजना की प्रगति की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत कोर्राम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्री भूषण नेताम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री लाल अजय बहादुर, उपअभियंता श्री अजय प्रधान सहित निकाय के सर्व विभागों के विभागीय अधिकारी/कर्मचारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार कुमरदा, जिला-राजनांदगांव**

॥ ईस्तहार ॥

ब-121 वर्ष 2024-2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कृष्णा पिता हिरदेराम जाति गांडा निवसी ग्राम गिदर्री तहसील कुमरदा जिला राजनादगांव द्वारा आवेदक एवं अनावेदकगण के संयुक्त नाम पर ग्राम गिदर्श प0ह0नं0 21 रा0नि0मं0 उमरवाही तहसील कुमरदा में ख0न0 217/6 रकबा 2.023 हे.कृषि भूमि स्थित है। अपने पत्नी एवं पुत्र का स्वास्थय खराब होने से ईलाज कराने हेतु भूमि विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु बी.1 की नकल, नक्शा खसरा मय आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध मे जिस किसी को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26/06/2025 के पूर्व स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**जारी दिनांक- 12.06.2025**
**पेशी दिनांक - 26.06.2025**

सील — नायब तहसीलदार कुमरदा

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं प्रमोद डेविड पिता लक्ष्मीचंद सेन निवासी भगतसिंह वार्ड नं. 19. डोंगरगढ़ पोष्ट-डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं एवं मेरे समस्त दस्तावेज में मेरा नाम प्रमोद सेन (Pramod Sen) पिता लक्ष्मीचंद सेन अंकित हैं जिसे अपना नाम परिवर्तन किये जाने के लिये अपना वास्तविक व सही नाम प्रमोद डेविड (Pramod David) पिता लक्ष्मीचंद सेन (Laxmichand Sen) के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सुचना जाने ।

भवदीय
(प्रमोद डेविड)
पिता लक्ष्मीचंद सेन
निवासी भगतसिंह वार्ड नं. 19.
डोंगरगढ़
डोंगरगढ़ तहसील
जिला-राजनांदगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ। के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506095200019**

मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2024-2025
विषयः- ब-121
बेलगांव प.ह.न. 00016 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार पलटिन बाई,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पलटिन बाई पति कृपाराम जाति तेली सा. पाटेकोहरा तहसील छुरिया जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के माँ खेदी बाई पति चमरूराम का मृत्यु दिनांक 29.12.2017 को ग्राम बेलगाँव में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — नायक तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ 1 के न्यायालय मे मामला क्रमांक:**
202506095200020

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2024-2025
बेलगांव प.ह.न. 00016 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार पलटिन बाई,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पलटिन बाई पति कृपाराम जाति तेली सा. पाटेकोहरा तहसील छुरिया जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के भाई संतोष साहू पिता चमरूराम का मृत्यु दिनांक 08.10.2016 को ग्राम बेलगाँव में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — नायक तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506092200011**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2024-2025
खोलारघाट (प ह न. 00026),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - पंचराम कुंजाम,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक पंचराम कुंजाम पिता महावर कुंजाम जाति गोंड निवासी ग्राम पीपरखार खुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम खोलारघाट प.ह.न. 26 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में खसरा नम्बर 172/3 रकबा 2.95 एकड़ स्थित है जो कि आवेदक के नाम से पंजीकृत खसरा पांच शाला वर्ष 2005 से 2020-21 में दर्ज है जो कि वर्तमान ऑनलाईन में दर्ज नही है जिसके कारण आवेदक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं शासन के योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। अतः आप उक्त खसरा नम्बर 172/3 रकबा 2.95 एकड़ को ऑनलाईन में दर्ज किये जाने की निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506091900024**

विषयः- ब-121. मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः-2024-2025
डोंगरगांव प.ह.न. 00023 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- जीवन लाल साहू.
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवन लाल साहू आ. तुलसीराम साहू निवासी ग्राम व तहसील डोगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदक अपने भाई नरेन्द्र दास का मृत्यु दिनांक 15.10.1986 को ग्राम डोंगरगांव में हुआ है भूलवंश स्थानीय रजिस्टार के पास दर्ज नहीं कराया गया। आवेदक अपने भाई नरेन्द्र दास का मृत्यु तिथि दर्ज किये जाने स्थानीय रजिस्टार को आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन मय अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07-07-2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगांव

## ज्ञान मंथन

*1) 13-14 मार्च 2025 को पुरीम यहूदी त्यौहार किस देश में मनाया गया?*
*2) एआई चैटबॉट सारथी 23 मार्च 2025 को किस राज्य सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया?*
*3) हाल ही में किस राज्य ने 113वां स्थापना दिवस मनाया था?*
*4) प्रच्छन्न बेरोजगारी का सामान्यत: अर्थ होता है कि-*
*5) 1988 में किसके द्वारा पहली बार पाई दिवस की अवधारणा पेश की गई थी?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) इजराइल (2) हरियाणा (3) 22 मार्च को बिहार ने (4) श्रमिक की सीमान्त उत्पादकता शून्य है (5) भौतिक विज्ञानी लैरी शॉ

# टीम कैट ने पराग चकोर बोरकर, प्रिंसीपल कमिश्नर, सेन्ट्रल जीएसटी, से मुलाकात कर जीएसटी दिवस कॉन्क्लेव हेतु कैट के सुझाव का ज्ञापन सौंपा - कैट

**राजेश डागा**

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज आयुक्त कार्यालय, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) जीएसटी भवन, रायपुर में जीएसटी दिवस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। टीम कैट ने श्री पराग चकोर बोरकर, प्रिंसीपल कमिश्नर, सेन्ट्रल जीएसटी, से मुलाकत कर जीएसटी दिवस कॉन्क्लेव हेतु कैट के सुझाव का ज्ञापन सौंपा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि यह कॉन्क्लेव भारत में वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य व्यापार संघों, कर पेशेवरों, उद्योग हितधारकों और नीति निर्माताओं के बीच सार्थक संवाद के लिए एक मंच प्रदान करना है। सत्र जीएसटी की उपलब्धियों, वर्तमान चुनौतियों और सरलीकरण तथा व्यापार करने में आसानी की दिशा में भविष्य की रूपरेखा पर केंद्रित होंगे। उन्होनें



आगे बताया कि यह कार्यक्रम में व्यापार को मार्गदर्शन देने और जीएसटी ढांचे के तहत हितधारकों द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों को संबोधित करने के लिए समर्पित बातचीत भी शामिल था। **कैट का जीएसटी हेतु सुझाव :-** ऽ समय पर अपील दाखिल न कर पाने वाले मामलों में क्षमादान प्रदान करने एवं लंबित GSTR-3B, GSTR-9 ? GSTR-9Cके लिए राहत प्रदान करने संबंधी अनुरोध। धारा 149 का क्रियान्वयन भरोसेमंद करदाताओं की पहचान करने के लिए जीएसटी अनुपालन रेटिंग का उपयोग करना। धारा 126 का विस्तार कर धारा 73 को शामिल करना : छोटे व्यवसायों को अनजाने में हुई गलतियों से बचाना। E- Invoicing की स्थिति में खरीददार को इनपुट अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए। जीएसटी के प्रावधानों में सुधार हेतु अन्य सुझाव। इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटीआर 2बी के आधार मान्य होने। जीएसटी वार्षिक विवरण के सम्बंध में सुझाव। नियम 86 बी-Restriction of ITC to 99% । माल के परिवहन एवं ई-वे बिल सम्बंधित समस्याएं। रिटर्न सम्बंधित अन्य समस्याएं जीएसटी की दर में कमी करने हेतु सुझाव। एक व्यवसाय एक कर। उपरोक्त मिटिंग में कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी शामिल रहे :- अमर पारवानी, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, भरत जैन, राजेन्द्र खटवानी, भरत भूषण गुप्ता कैट तकनीकी टीम से सीए मुकेश मोटवानी, सीए मोहित रामानी, सीए भावेश मित्तल एवं अन्य व्यापारीगण ।

## बगदई आंगनबाड़ी केंद्र 02 में पंचायत पदाधिकारियों ने किया वृक्षारोपण

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत बगदई के सरपंच व पंचायत पदाधिकारियों द्वारा तीनों आंगनबाड़ी केंद्र 02 के प्रांगण, परिसर बगदई में फलदार और छायादार वृक्षारोपण किया गया है, वृक्षारोपण कार्यक्रम में सरपंच कुलदीप सिंह, उपसरपंच टीकम निषाद, रोजगार सहायक हेमन्त कोर्राम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजुषा, सहायिका माहेश्वरी सक्रिय महिला समुह कार्यकर्ता, सरोजिनी निषाद, वेदीका पटेल, ईशांत निषाद, सपना चंचल पटेल व अन्य मौजूद थे।



## नमिता और खुशी का चयन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** माध्यमिक शाला दाऊ टोला विकासखंड अंबागढ़ चौकी से दो छात्राएं नमिता एवं खुशी निषाद का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय हेतु हुआ है ।उनके चयन पर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक डी एल देवांगन शिक्षक नीलकंठ साहू ,प्रीतम साहू ,पुरुषोत्तम साहू, हिरामन लाल वर्मा ने दोनों छात्राओं का सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं चयन के लिए हार्दिक बधाई दी। उल्लेखनीय है कि दोनों छात्राएं प्रारंभ से ही पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों के आयोजन में भी अव्वल रही है।



## इंदू साहू का चयन किशोर न्याय बोर्ड मे

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ शासन , महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के अधिसूचना के तहत इंदू साहू पति पंचू राम साहू डोंगरगांव का किशोर न्याय ( बालकों का देखरेख एवं संरक्षण ) तथा बाल कल्याण समिति के सदस्य के रूप मे जिला मानपुर मोहला अम्बागढ़ चौकी के लिए नियुक्ति किया गया है । पूर्व मे भी इंदू साहू बाल कल्याण समिति राजनांदगांव मे अपनी सेवा प्रदान कर चुकी हैं उनके किशोर न्याय बोर्ड मे सदस्य के लिए चयन होने पर पुरे परिवार, गणमान्य एवं सभी शुभ चिंतकों द्वारा इस गौरव पूर्ण उपलब्धि के लिए शुभ कामनाएं एवं बधाई प्रेषित की गई।



## भोरमदेव अभ्यारण्य अभ्यारण्य में प्रांरभ किया जायेगा सफारी, क्षेत्र में वाहनों का ट्रायल किया जा रहा



**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राज्य में इको टूरिज्म विकास किया जाना है। इस आशय से माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा चार संरक्षित क्षेत्र का चयन किया गया है जिसमें से कबीरधाम जिला अंतर्गत भोरमदेव अभ्यारण्य सम्मिलित है। इको टूरिज्म के विकास के लिए भोरमदेव अभ्यारण्य में सफारी का संचालन प्रारंभ किया जाना है। इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार इलेक्ट्रिक वाहन के माध्यम से सफारी प्रारंभ किये जाने हेतु निश्चय किया गया है। वर्तमान में अभ्यारण में इलेक्ट्रिक वाहनों से ट्रायल प्रारंभ किया गया है। अब तक दो इलेक्ट्रिक वाहन मारुति जिप्सी एवं महिंद्रा जीओ के द्वारा ट्रायल संपन्न किया गया है तथा अभी भी ब्रह्मदेव के विभिन्न मार्गो में ट्रायल जारी है। प्रारंभिक चरण में भोरमदेव, बकोदा, कोकोआ, जामुनपानी, बांधा मार्ग में सफलतापूर्वक ट्रायल संपन्न किया जा चुका है। समस्त मार्गो में ट्रायल पूर्ण करने उपरांत वाहनों के परफॉर्मेंस के आधार पर उपयुक्त वाहन का चयन कर सफारी वाहन क्रय किया जाएगा एवं वर्षा ऋतु उपरांत भोरमदेव अभ्यारण में सफारी प्रारंभ कराया जायेगा। भोरमदेव अभ्यारण्य में पूर्व में भी सफारी प्रारंभ कराया गया था किंतु उस दौरान पेट्रोल वाहनों के द्वारा सफारी का संचालन किया जा रहा था। चूंकि पेट्रोल वाहन आवाज़ करते हैं जिससे की वन्य प्राणियों को असुविधा होती थी। वर्तमान में इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से सफारी संचालन का प्रयास किया जा रहा है जिससे पर्यटकों के साथ साथ वन्य प्राणियों को भी असुविधा नहीं होगी एवं वन्यप्राणी के अधिक से अधिक की संख्या में दिखाई देने की संभावना बनी रहेगी।

## महारानी लक्ष्मी बाई स्कूलस्कूल में जागरूकता शिविर जागरूकता शिविर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रम न्यायालय राजनांदगांव राजनांदगांव अमित जिन्दल ने दिनांक 20. 06.2025 को महारानी लक्ष्मी बाई स्कूलमहारानी लक्ष्मी बाई स्कूल राजनांदगांव मेंराजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित लोगो को कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 74 के तहत महिला का लज्जा भंग करने के आशय से या यह संभाव्य जानते हुए कि ऐसा करके कोई व्यक्ति महिला की लज्जा भंग करेंगा उस महिला पर आपराधिक बल का प्रयोग करता है तो ऐसा करने वाले व्यक्ति को कम से कम एक वर्ष की सजा होगी जो कि पांच वर्ष तक की हो सकेगी। श्री जिंदल ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 78 के अनुसार यदि कोई पुरूष जो- किसी महिला का उससे व्यक्तिगत अन्योन्यक्रिया को आगे बढाने के लिए, उस महिला द्वारा स्पष्ट रूप से अनिच्छा उपदर्शित किए जाने के बावजूद, बारबार पीछा करता है और संस्पर्श करता है या संस्पर्श करने का प्रयत्न करता है या जो कोई किसी महिला द्वारा इंटरनेट, ई-मेल या किसी अन्य प्रारूप की इलेक्ट्रिानिक संसूचना का प्रयोग किए जाने को मानीटर करता है, पीछा करने का अपराध करता है तो प्रथम दोष सिद्धि पर तीन वर्ष तक के कारावास के लिए दण्डित हो सकता है तथा ऐसा अपराध दूसरी बार करने पर पांच वर्ष तक के कारावास के लिए दण्डित हो सकता है। श्री जिंदल ने यह भी बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 79 के अनुसार यदि कोई किसी महिला की लज्जा का अनादर करने के आशय से कोई शब्द, कहेगा, कोई ध्वनि या अंगविक्षेप करेगा, या कोई वस्तु प्रदर्शित करेगा, इस आशय से कि ऐसी महिला द्वारा ऐसा शब्द या ध्वनि सुनी जाए, या ऐसा अंगविक्षेप या वस्तु देखी जाए, या ऐसी महिला की एकान्तता का अतिक्रमण करेगा, वह तीन वर्ष के साधारण कारावास के साथ साथ जुर्माने से भी दण्डित हो सकता है।



## मुक्तिधाम परिसर में जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधारोपण



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत क्षेत्र में वार्ड 14 स्थित मटिया मुक्तिधाम के पास नगर पंचायत ने सफाई अभियान चलाकर परिसर की सफाई की। उपरांत जनप्रतिनिधियों, अफसरों सहित स्थानीय नागरिकों ने एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने जामुन के 40 पौधे रोपे गए हैं इनके अलावा फलदार और छायादार पौधारोपण भी किया गया है पौधों के संरक्षण व संवर्धन के लिए सुरक्षा घेरा तार फेंसिंग लगाया गया है उक्त अवसर पर नपंअध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, सभापति व पार्षद पुरुषोत्तम साहू, एसडीएम श्रीकांत कोराम, सीएमओ विनम्र जेमा, एलन साहू, कृष्णकुमार शर्मा, पुसऊ पटेल, कृष्णकुमार साहू, तोरण साहू मनबोधी पटेल, गायत्री यादव, पदमनी ठाकुर, लक्ष्मीनारायण सेन व इंजीनियर रेखालाल सिन्हा सहित नगर पंचायत के कर्मचारी और ग्रामीण जन उपस्थित थे,

## ओसवाल लाईन में नाली बनाने महापौर ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम द्वारा वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य कडी में आज वार्ड नं. 37 ओसवाल लाईन में अधोसंरचना मद अंतर्गत 15.00 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण करने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा एवं वार्ड पार्षद श्री जैनम बैद, पूर्व नामांकित पार्षद श्री हकीम खान सहित वार्डवासियो की उपस्थिति में श्रीफल फोडकर गैती चलाकर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के मानोश गोलछा, भागचंद गिड़िया, मनोज कोटड़िया, पंकज टाटीया, अशोक श्रीश्रीमाल, अजीत गिड़िया, नरेश बैद, मनोज



ओस्तवाल, भोला पारख, विनोद पारख ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन द्वारा संस्कारधानी में विकास कार्य कराने नगर निगम में स्वीकृति दिये थे, शासन स्वीकृति एवं विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर उनकी निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य वार्डो में कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वार्ड 37 के लिए स्वीकृत राशि से 15 लाख रूपये की लागत से ओसवाल लाईन में नाली निर्माण करने आज भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य जल्द प्रांरभ किया जाएगा, ताकि ओसवाल लाईन वालो को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री आयुषी सिंह सहित वार्डवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# गुप्त नवरात्र में जरूर करें इन चीजों का दान, जीवन में नहीं रहेगा कोई दुख




01

इस बार माघ गुप्त नवरात्र की शुरुआत गुरुवार 26 जून से होने जा रही है जिसका समापन शुक्रवार 4 जुलाई को होगा। इस खास अवधि में आप कुछ चीजों के दान करके देवी मां की विशेष कृपा के पात्र बन सकते हैं। चलिए जानते हैं इस बारे में।

साल में प्रकट नवरात्र की तरह ही 2 गुप्त नवरात्र भी मनाए जाते हैं। एक गुप्त नवरात्र माघ माह में आता है, वहीं दूसरा आषाढ़ माह में। गुप्त नवरात्र में दस महाविद्याओं की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व माना गया है। यह गुप्त पूजा, सिद्धि प्राप्त करने के लिए मुख्य रूप से अघोरी व तांत्रिकों द्वारा की जाती है।

**प्रसन्न होती हैं माता रानी**

गुप्त नवरात्र में आप गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच अनाज जैसे गेहूं, चावल, जौ आदि का दान कर सकते है। इसके साथ ही आप अपनी क्षमता के अनुसार, धन का भी दान कर सकते हैं। ऐसा करने से साधक पर मां दुर्गा की कृपा बनी रहती है और उसे सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।



**वैवाहिक जीवन में नहीं आएगी अड़चन**

गुप्त नवरात्र की पूजा में लाल चंदन व कुमकुम को अर्पित करना काफी शुभ माना जाता है। वहीं आप इन दोनों चीजों का दान करके भी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही अगर आपके वैवाहिक जीवन में किसी तरह की अड़चन आ रही है, तो इसके लिए आप गुप्त नवरात्र के लाल चंदन और कुमकुम का दान कर सकते हैं। इसके साथ ही गुप्त नवरात्र में सुहाग की सामग्री का दान करना भी शुभ माना गया है। ऐसा करने से शादीशुदा जीवन में आ रही सभी प्रकार की समस्याएं दूर होने लगती हैं।

**जीवन में बनी रहेगी सुख-शांति**

गुप्त नवरात्र के दौरान काले तिल या तिल से बनी चीजें जैसे तिल के लड्डू, तिल-गुड़ आदि का दान भी किया जा सकता है। ऐसा करने से माता रानी की कृपा से साधक के सभी कष्ट दूर होने लगते हैं। साथ ही जीवन में सुख-शांति भी बनी रहती है। गुप्त नवरात्र में दान करते समय आप ? ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे मंत्र का जप कर सकते हैं।

## आशीर्वाद में होती है कितनी शक्तिज् जानिए कैसे द्रौपदी के प्रणाम ने बदला युद्ध का रुख

पौराणिक कथाओं के अनुसार जब हम किसी के पैर छूकर प्रणाम करते हैं तो वे हमें आशीर्वाद देते हैं। महाभारत के एक प्रसंग में भगवान कृष्ण ने द्रौपदी को भीष्म पितामह से आशीर्वाद लेने के लिए भेजा जिससे उन्हें अखंड सौभाग्यवती भव का आशीर्वाद मिला। इस आशीर्वाद ने द्रौपदी और उनके पतियों को अभयदान दिया। जब हम झुक कर कभी किसी के पैर छूते हैं या उसे प्रणाम करते हैं, तो वह हमें आशीर्वाद देते हैं। वह कहते हैं- खुश रहो, सदा सुखी रहो, प्रसन्न रहो, आयुष्मान भव, चिरंजीवी भव, सदा सौभाग्यवती भव। यह अनायास मुंह से निकले कुछ शब्द नहीं है, बल्कि वो ढाल हैं, जो उस समय काम आते हैं, जब कुछ और नहीं आ सकता। इस बात को गहराई से समझने के लिए आपको महाभारत का एक प्रसंग जानना होगा। जब पितामह भीष्म ने महाभारत के युद्ध के दौरान घोषणा कर दी थी कि वह अर्जुन का वध कर देंगे और युधिष्ठिर को बंदी बना लेंगे। उनकी इस घोषणा के बाद में पांडवों के शहर में भी हलचल थी। दरअसल, हर कोई यह जानता था कि पितामह भीष्म से बड़ा योद्धा कोई नहीं है और अगर पितामह ने यह प्रतिज्ञा ली है, तो वह उसे करके ही दम लेंगे। तब भगवान श्री कृष्ण ने द्रौपदी को एक उपाय बताया। वह द्रोपदी को लेकर पितामह भीष्म के शिविर के बाहर पहुंचे। द्रौपदी से शिविर के अंदर जाकर पितामह भीष्म को प्रणाम करने को कहा। द्रौपदी ने जैसे ही पितामह भीष्म को प्रणाम किया, उनके मुंह से निकला- अखंड सौभाग्यवती भव। फिर उन्होंने सवाल किया इतनी रात को यहां इस शिविर में कैसे आई? क्या तुमको कृष्णा लेकर आए हैं? यह सुनते ही द्रौपदी ने हां में सर हिलाया और कहा कि हां वही लेकर आए हैं। इतने में भगावान श्री कृष्णा शिविर के अंदर आ गए। भीष्म पितामह ने कहा मेरे एक वचन को मेरे ही दूसरे वचन से काट देने का काम केवल श्री कृष्ण ही कर सकते हैं।



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कलेक्टर की घुडक़ी के बाद अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

## अवैध रेत के परिवहन में लिप्त 15 वाहनों पर हुई कार्यवाही



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की चौतरफा गूंज और टीएलई की बैठक में कलेक्टर से मिली घुडक़ी के बाद एसडीएम सहित राजस्व अमले की टीम ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए कुल 15 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की है। दिनभर चली इस कार्यवाही के बाद अवैध खनिज परिवहन में लिप्त वाहन मालिकों तथा इस कार्य में लिप्त लोगों में हडक़ंप की स्थिति है।

बीते दिवस प्रति सप्ताह आयोजित होने वाले टीएलई बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले के सभी जिम्मेदार राजस्व अधिकारियों को राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग के समन्वित प्रयास से कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिला मुख्यालय के समीप मोहड़ वार्ड में हुई गोलीकांड की गूंज पूरे प्रदेश में होने के बाद बैकफुट में आयी भाजपा सरकार ने राजधानी से ही सभी कलेक्टरों को ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही के निर्देश जारी किये थे। इसी का परिणाम है कि संपूर्ण प्रदेश में कलेक्टरों द्वारा अपने मातहत राजस्व अधिकारियों को अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही की खुली छूट दे दी। जिसका परिणाम अब देखने को मिल रहा है। एसडीएम श्रीकांत कोराम द्वारा तहसीलदार पीएल नाग तथा टीआई अवनीश कुमार श्रीवास को लेकर मुहिम छेड़ते हुए डोंगरगांव नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग अलग नदियों से अवैध रेत उत्खनन कर रहे वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार रातापायली घाट से ट्रेक्टर सीजी 08 एएन 2440, मालिक भीषम साहू आ. टहलू राम, सीजी 08 एपी 8218, मालिक गोविन्दा सिन्हा आ. ईश्वर सिन्हा, सीजी 08 ए 9857 मालिक ज्ञानू साहू आ. गोरटेलाल साहू, सीजी 07 बीएक्स 8102 मालिक मनीष साहू आ. सेवकराम साहू, सीजी 07 बीएक्स 8103 मालिक जितेन्द्र साहू आ. सेवकराम साहू, बेंदरकटा घाट से माजदा सीजी 09 बी 1380 मालिक हिरेन्द्र पटेल आ. होरीलाल पटेल, ट्रेक्टर सीजी 08 एल 0143 मालिक भरत आ. रमेश, बरगांव घाट से ट्रेक्टर ट्राली सहित मालिक अमरचंद यादव आ. सेवाराम यादव को पकड़ा गया। इसी प्रकार मटिया घाट से ट्रेक्टर सीजी 08 एव्य. 4381 मालिक कोमल पटेल आ. रमेश्वर पटेल, सोल्ड ट्रेक्टर मालिक दिनेश कुमार आ. खोरबाहरा, सोल्ड



ट्रेक्टर मालिक उमेश कुमार कोहका, सोल्ड ट्रेक्टर मालिक रूपेश कुमार मोहड़, मोतीपुर घाट से माजदा क्र. सीजी 08 एजी 0525 मालिक शंकर देवांगन, माजदा सीजी 08 एल 1766 मालिक बिसाहू पिता माहरा तथा जंगलेसर घाट से सोल्ड मालिक राजेन्द्र कुमार आ. मिलूराम को पकडक़र थाने में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। एसडीएम के निर्देश पर आज तक कार्यवाही में 15 गाड़ियों को जप्त की कार्यवाही के बाद खनिज माफियाओं में हडक़ंप की स्थिति है और वे येनकेन प्रकारेण मामले को सुलझाने के लिए जुगत बनाने में लगे हुए हैं। एसडीएम और तहसीलदार ने कहा है कि अवैध रेत, मुरम,उत्खनन पर आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी,

## विधायक आदर्श ग्राम सुरगी मे योग से कैसे रहे निरोग बताया गया



**राजनांदगाव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्त विधायक आदर्श ग्राम सुरगी मे विगत 5 दिनों से आयुर्वेद विभाग का योग से कैसे निरोग रहे यह बच्चों को बताया गया इस अवसर पर सुरगी आयुर्वेद अस्पताल के डाक्टर और समस्त कर्मचारी और ग्राम प्रमुख सरपंच सुग्रीव साहू, प्राचार्य एन के साहू,पूर्व सरपंच आनंद साहू, शाला विकास समिति के सदस्य तिलोक चंद पारख, हाई स्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुक्रित दास साहू, तेजप्रकाश साहू, देवेंद्र जैन, पी. टी. आई. राजाराम देवांगन, व्याख्याता गणो मे श्री सुशील नारायण शर्मा (जिला उपाध्यक्ष शालेय शिक्षक संघ राजनांदगाव ), वीरेंद्र टेभूरकर, गीतांजलि साहू, नीरा ठाकुर, शिवानी बर्मन, आदि लोग सम्मिलित थे। ज्ञात हो कि अभी युक्तियुक्त के खिलाफ व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक लोग पुरे छत्तीसगढ़ मे विरोध स्वरूप विगत 16 जून से शिक्षक साझा मंच के आह्वान पर काली पट्टी लगाकर विरोध भी कर रहे है और स्कूल का कार्य काली पट्टी लगाकर कार्य कर रहे है। सुशील नारायण शर्मा जिला उपाध्यक्ष शिक्षक साझा मंच राजनांदगाव ने यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिए है।

## समसामयिक

### सरकार की नीयत ठीक नहीं, तो हम कौन से पाक साफ हैं ?

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ में किसी भी पार्टी की सरकार हो पेंशनरों के जेब में हर सरकार ने डाका डाला है और ये परिपाटी जारी है ।मोदी की गारंटी के नाम पर वर्तमान सरकार की भी नीयत ठीक नहीं है। पेंशनरों के साथ स्वास्थ्यगत जांच और उपचार में दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। इतना ही नहीं नियमित कर्मचारियों के आड़ में पेंशनरों को समय पर केंद्र के समान महंगाई भत्ता भी नहीं दिया जा रहा है। छग बने 25 वर्ष पूरे होने को हैं। इन 25 वर्षों से महंगाई भत्ता के लिए लगातार आंदोलन करना पड़ रहा है।दरअसल इसके पीछे बटवारा है। हम लोग केवल संघ के बेनर पर नहीं बटे हैं । हकीकत यह है कि हम लोग विचारों से ,व्यवहार से ,बातचीत करने के लहजे से अंदर तक बट चुके हैं। मूंह ताकने की आदत पड़ गई है। छग में अनुमानित 2 लाख 20 हज़ार पेंशनर हैं परंतु मांग के लिए सड़कों पर मुट्ठी भर लोग आते हैं। इतना ही होता तो भी ठीक रहता ।इधर सेहतमंद लोग घर से फोन लगाकर पूछते हैं , कैसे क्या हुआ ? मंत्री जी क्या बोले ? एरियर्स मिलेगा की नहीं ? वगैरा वगैरा। जरूरत है कि अब के हालातों में पेंशनर अपने हक के लिए घरों से निकलकर मंत्रियों के बंगलों तक जाने की हिम्मत दिखाए । सप्ताह में एक दिन एक घंटा यूनियन कार्यालय में बिताए। यकीन मानिए मंज़िल तक पहुंचने का कोई न कोई रास्ता जरूर निकलेगा।

– **विद्याभूषण दुबे**

## शहर के विभिन्न मंदिरों में चढ़ेगा पीतल का गदा, आज होगा शुभारंभ



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा एक विशेष धार्मिक पहल के अंतर्गत शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पीतल का गदा अर्पित करने का आयोजन किया गया है। यह पुण्य कार्य शनिवार, 21 जून 2025 को शाम 4 बजे से आरंभ होगा। शुभारंभ शीतला मंदिर, राजनांदगांव से किया जाएगा। आयोजन में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है।समिति के सदस्यों ने बताया कि यह पहल हनुमान भक्तों की आस्था और धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करने की भावना से प्रेरित है। शहर के जिन हनुमान मंदिरों में अभी तक पीतल का गदा स्थापित नहीं हुआ है, वहां यह विशेष रूप से चढ़ाया जाएगा। जिन मंदिरों में पीतल का गदा अर्पित किया जाएगा उनमें प्रमुख रूप से शीतला मंदिर, महावीर चौक मंदिर, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक हनुमान मंदिर, गंज चौक हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर, स्टेडियम चौक हनुमान मंदिर, सिंगारपुर हनुमान मंदिर, मोतीपुर, नवागांव, मिलचाल, बजरंग चौक, बसंतपुर, लखोली, शक्ति नगर, पाताल भैरवी, चिखली शामिल है। आयोजकों का आग्रह है कि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर इस धार्मिक सेवा यज्ञ में भाग लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। समिति ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे ही आयोजन कर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में पीतल के गदा की स्थापना की जाएगी, जिससे भक्ति भाव और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूती मिल सके।

## प्रतीक चिन्ह

**अरविन्द तिवारी**

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रतीक चिन्ह (लोगो) में एक



व्यक्ति को दोनों हाथ जोड़ते हुये दिखाया गया है , जो कि योग के साथ - साथ मन और शरीर , मनुष्य और प्रकृति के बीच की एकता को दर्शाता है। इस लोगो को बनाने में हरे , भूरे , पीले और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है और ये रंग अलग अलग चीजों को रिप्रेजेंट करते हैं। योग के लोगो में दिखाई गई हरे रंग 'की पत्तियां प्रकृति का प्रतीक हैं , भूरे रंग के पत्तियां पृथ्वी तत्व का प्रतीक हैं , नीला रंग पानी का प्रतीक है , पीला रंग आग तत्व का प्रतीक है और सूरज ऊर्जा और प्रेरणा के स्त्रोत का प्रतीक है। इसके अलावा इस लोगो में सबसे नीचे 'योग फॉर हारमनी एंड पीस' लिखा गया है। क्योंकि योग की मदद से लोगों को हारमनी एंड पीस मिलता है।

## सनातन धर्म महासभा द्वारा ए. एस.पी. को रेल्वे स्टेशन में आटो रिक्शा चालकों को पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लगाने हेतु ज्ञापन दिया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सनातन धर्म महासभा द्वारा एस.पी. व ऐडिशनल एस.पी. महोदय को सनातन धर्म महासभा द्वारा रेल्वे स्टेशन से आने- जाने वाले सभी यात्रियों की भविष्य में सुरक्षा व जनहित को ध्यान में रखते हुए रेल्वे स्टेशन व सभी आटो रिक्शा चालकों को पूर्ण नाम पता सहित पहचान पत्र सहित हुआ आटो रिक्शाओं में पुलिस थाने का नंबर अनिवार्य रूप करने हेतु ज्ञापन दिया गया। सनातन धर्म महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि ऑटो रिक्शा चालकों को पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में अनिवार्य रूप पहचान पत्र लगाने हेतु पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्षों को ज्ञापन देने को कहा गया। ऑटो रिक्शा चालकों में अनिवार्य रूप से पहचान पत्र होने से सभी रेल यात्री एवं सभी को किसी भी अनहोनी को सामना नहीं करना पड़ेगा। उक्त ज्ञापन जिसमें मुख्य रूप से छ.ग. सनातन धर्म के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरभ खण्डेलवाल, शहर उपाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, राजेश लड्ढा, शिव वर्मा,भोला यादव, विशेष रूप से उपस्थित होकर पहचान पत्र अनिवार्य करते हुए करने की माँग की उपरोक्त जानकारी प्रदेश प्रवक्ता हरीश गाँधी ने दी।

## नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मनाया प्रवेशोत्सव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आज शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं



प्राथमिक शाला, सदर बाजार में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत का साक्षी बना। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और पुस्तकों के साथ स्वागत कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी अभियान एक पौधा मां के नाम के तहत शाला परिसर में पौधरोपण कर प्रकृति और मातृत्व दोनों को नमन किया। शिक्षा और पर्यावरण — दोनों ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उत्तरदायित्व हैं। आइए, हम सब मिलकर शिक्षा, संस्कार और स्वच्छ पर्यावरण का संकल्प लें।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

## सेवा-सुशासन के 11 वर्ष : क्या अंतिम पंक्ति तक पहुँचा विकास?



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जब कोई सत्ता अपने कार्यकाल के 11 वर्षों को च्सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण जैसे बुलंद नारों के साथ उत्सव के रूप में मनाती है, तब एक पत्रकार होने के नाते मेरा दायित्व बनता है कि मैं सिर्फ तालियाँ नहीं बजाऊँ, बल्कि उन तालियों के पीछे छिपी चुप्पियों को भी उजागर करूँ। क्या सचमुच शासन-प्रशासन ने गरीब की झोपड़ी तक राहत पहुँचाई है? क्या वाकई सुशासन ने गांव, मजदूर, किसान, और बेरोजगार नौजवान के जीवन को संवारा है? मेरे प्रश्न किसी विपक्षी भाव से नहीं, बल्कि जन-सरोकार की पीड़ा से जन्मे हैं। सुशासन का अर्थ मात्र योजनाएं बनाना नहीं होता, बल्कि उनका निष्पक्ष और प्रभावी क्रियान्वयन ही असली पहचान है। जब आज भी स्कूलों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में दवाइयाँ नहीं, राशन दुकानों में ईमानदारी नहीं और थानों में पीड़ितों की सुनवाई नहीं, तब यह जश्न एक आत्ममुग्धता से अधिक कुछ नहीं लगता। मेरी कलम ने बार-बार यह लिखा कि च्जन कल्याणज् की असल तस्वीर गांवों के टूटी सड़कों, सूखे हैंडपंपों और फटे राशन कार्डों में छिपी है। मैंने हाल ही में देखा कि अनेक वृद्ध अपनी पेंशन के लिए महीनेभर दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, विधवा महिलाएं पात्र होते हुए भी आवास योजना से वंचित हैं और कई किसान कर्ज के बोझ में आत्महत्या की कगार पर हैं। क्या यही गरीब कल्याण है?

डिजिटल इंडिया के दौर में, आज भी सैकड़ों गांवों में नेटवर्क नहीं है, जिससे लोगों को योजना से जोड़ना दूर की बात हो जाती है। आज जरूरत है कि शासन तंत्र आत्मावलोकन करे। आंकड़ों और उद्घाटनों से इतर यदि किसी गरीब का जीवन नहीं बदला, तो सारा विकास सिर्फ एक दिखावा है। मैंने कई बार अनुभव किया है कि जब कोई आम नागरिक, जो शासन से उम्मीद लेकर आता है, उसे बार-बार निराशा मिलती है, तो वो लोकतंत्र से ही विश्वास उठाने लगता है। यही सबसे बड़ा खतरा है। मेरा उद्देश्य किसी विशेष दल या नेता की आलोचना नहीं, बल्कि एक सजग प्रहरी के रूप में प्रशासन को जगाना है। यदि शासन वास्तव में सेवा और सुशासन का सपना साकार करना चाहता है, तो उसे हर गरीब, किसान, महिला, दिव्यांग और छात्र की आंखों में उम्मीद की रौशनी लानी होगी। जब आखिरी पंक्ति का व्यक्ति कहे ङ्क च्अब मैं भी देश की तरक्की का हिस्सा हूँज् तभी 11 साल का यह उत्सव सार्थक कहलाएगा।

# पुरानी रंजीश को लेकर नशे में नाबालिक ने किया चाकू से हमला

## मोटर सायकल को कट मारकर चलाने से मना करने पर रखा था रंजीश

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** धर्मनगरी के गली गली में नशे के कारोबार के चलते नाबालिक सहित युवा पीढ़ी गर्त में समाते छोटी छोटी बातों को लेकर चाकू से हमला करने में नहीं चूक रहे है और आए दिन धर्मनगरी का माहौल खराब हो रहा है ? डोंगरगढ़ में आए दिन चाकूबाजी की घटना आम हो गई है जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगे है. पुलिस से मिले प्रेस नोट की जानकारी में बताया गया कि प्रार्थी अभय चौहान पिता जयसिंग उम्र- 24 साल निवासी कश्मीरीपारा वार्ड न0- 14, डोंगरगढ़ ने एक सप्ताह पूर्व नाबालिक बालक को मोटर सायकल को कट मारकर चलाने से मना कर समझाया था इसी बात पर नाबालिक बालक चिढ़ गया था और 18 जून को नाबालिक बालक शराब के नशे में चाकू लेकर आया जिसे अभय ने भगा दिया था और 19 जून को रात्रि लगभग 12 बजे अभय चौहान मान होटल चौक के पास खड़ा था उसी समय नाबालिक बालक अपने बड़े भाई हिमेश यादव एवं अपने दोस्त हर्ष वर्मा व विजय कुंभकार के साथ आया और सभी ने मिलकर अभय चौहान को तुम बहुत होशियार बनते हो कहते हुये माँ-बहन गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी देने लगे। इसी दौरान मारपीट करने के दौरान नाबालिक बालक अपने पास रखे एक धारदार चाकू से अभय के के उपर हमला कर घायल कर दिया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0- 314/2025 धारा-296, 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही दूसरी ओर पुलिस ने नाबालिक बालक एवं हिमेश यादव को हिरासत में लेकर पुछताछ कर नाबालिक बालक से एक धारदार चाकू को जप्त किया गया है। आरोपी हिमेश यादव को धारा-296, 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस एवं 25. 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिर0 किया गया है और नाबालिक बालक को अभिरक्षा में लिया गया गया है। नाबालिक बालक के विरूद्ध इसके पूर्व थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र0-417/2023 धारा- 294, 323, 506, 34 भादवि0 एवं अप0क्र0- 134/2025 धारा- 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज होना पाया गया है।




मामला- मान होटल के सामने चौक का

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com